परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 12-06-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा रेंज के CPU प्रभारीगण के साथ की गयी गोष्ठी।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 12.06.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय सभागार मे रेंज के सभी थानो के कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट प्रभारीगण के साथ गोष्ठी की गयी।

डीआईजी बस्ती द्वारा गोष्ठी के दौरान सभी को जनसामान्य के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, पुलिस एवं जनता के मध्य विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तार से बताया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा CPU प्रभारीगण को अपने- अपने क्षेत्र मे 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गो व गंभीर विकलांगो की सूची बनाकर उनसे संवाद स्थापित करने,अनाथ आश्रम,वृद्धा आश्रम, महिलाओं व बच्चों से संबंधित संस्थाओं का भ्रमण कर संवाद कर, उनकी समस्याओं के निस्तारण में सहयोग करने, नशा एवं साइबर क्राइम के विरुद्ध प्रचार प्रसार करने, छात्रों को थाना/ तहसील व अन्य प्रतिष्ठानों का भ्रमण कराकर जानकारियां देने, स्थानीय समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने, महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा मिशन शक्ति अभियान/ बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने,स्वच्छ छवि वाले एनजीओ के कार्यक्रमों में सहयोग करने, संवेदनशील प्रकरणों में तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए समयबद्ध एवं विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करे, जिससे आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके।

गोष्ठी में परिक्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी एवं समस्त CPU प्रभारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती